Fourteenth Loksabha

Session : 8
Date : 03-08-2006

Participants : Dubey Shri Chandra Shekhar

an>

Title : Need to save Jharia city in Jharkhand from earth caving.

श्री चन्द्र शेखर दूबे (धनबाद) : सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान देश की कोयला राजधानी धनबाद जिला के झरिया की ओर दिलाते हुए कहना चाहता हूं कि झरिया शहर के आस-पास के कोयला खानों में अग्नि एवं गैस का प्रकोप है। पिछले वर्ा इस सदन में कोयला मंत्रालय से आश्वासन मिला था कि इस ऐतिहासिक शहर को कोई खतरा नहीं है और कोयला मंत्रालय इसे सुरक्षित रखने की व्यवस्था कर रहा है, परन्तु भारत कोकिंग कोल लि. द्वारा इस दिशा में कोई कार्रवाई नहीं की गयी।

पिछले सप्ताह में झरिया शहर के आस-पास सुअराटॉड, बोका पहाड़ी/ इमाम पहाड़ी, कुकुर तोपा, राम नगर, लोहार पट्टी आदि अग्नि प्र ाभावित क्षेत्रों में भू-धसान होने के कारण करीब एक हजार परिवार के जान-माल पर खतरा उत्पन्न हो गया है। साथ ही बगल के राजा शिव प्रसाद कालेज जो कोयलांचल का एकमात्र कालेज एवं कोयलांचल में जलापूर्ति हेतु बृहत् जलागार अवस्थित है, पर खतरा उत्पन्न हो गया है।

हम सरकार से जानना चाहते हैं कि उस पर एक हजार परिवार को अन्यत्र सुरक्षित स्थान पर बसाने एवं अग्नि को नियंत्रित करने के लिए क्या उपाय किया जा रहा है जिससे झरिया शहर को सुरक्षित रखा जा सके। यह बहुत ही महत्वपूर्ण विाय है।